# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 2 Apr 2024 Page No.- 6**

02-04-24 - Hindustan

# पुरातन छात्रों को किया सम्मानित

**सुभारती विवि**

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। सुभारती विवि में हुए एलुमिनाई अवार्ड समारोह में पुरातन छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रबंधन विशेषज्ञ एन.रघुरामन, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, निर्मल भटनागर, डॉ. आरके घई, डॉ. सुमित गोयल एवं डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने किया।



सोमवार को सुभारती विवि में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। • हिन्दुस्तान

डॉ. आरके घई ने कहा कि विवि से उत्तीर्ण विद्यार्थी देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं। समारोह में डेंटल कॉलेज के डॉ. विवेक गौरव, फिजिकल एजुकेशन के डॉ. नमन सारस्वत, फार्मेसी कॉलेज के डॉ. सोमकेतु त्यागी, फिजियोथैरेपी कॉलेज के डॉ. सचिन गोयल, परफॉर्मिंग आर्ट से डॉ. रक्षा सिंह डेविड, नर्सिंग कॉलेज से डॉ. जुबेर, डॉ. रजनी इमानवेल, लॉ कॉलेज से रमिस्ठधर द्विवेदी एवं दिव्या चिनदेलिया सम्मानित की गई। कुलपति डॉ. थपलियाल ने कहा कि एलुमिनाई विवि का प्रतिनिधि होता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि जीवन में सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए मेहनत, ईमानदारी एवं लगन होना जरुरी है। डॉ. सुमित गोयल, डॉ. पद्मा मिश्रा, दूशिक सैयद ज़फ़र हुसैन, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. सोकिन्द्र कुमार, डॉ. पिन्टू मिश्रा आदि रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 02 Apr 2024 Page No.- 5**

# शिखर पर पहुंचने के लिए मेहनत जरूरी

02-04-24

## सुभारती विवि में हुए एलुमनाई अवार्ड समारोह में बोले एन. रघुरामन

माई सिटी रिपोर्टर



सुभारती विवि में एलुमिनाई समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ करते अतिथि। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में एलुमनाई अवार्ड समारोह मांगल्य प्रेक्षागृह में हुआ। मुख्य अतिथि प्रबंधन विशेषज्ञ एन. रघुरामन ने कहा खुद पर विश्वास के साथ सकारात्मक भाव से आगे बढ़ने वालों को सफलता अवश्य मिलती है। सीईओ डॉ. शल्या राज ने कहा जीवन में सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए मेहनत, ईमानदारी एवं लगन जरूरी है।

कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि एलुमनाई विद्यार्थी विवि का प्रतिनिधि होता है, जो अपनी योग्यता से कार्य करके अपना व विवि का नाम रोशन करता है। इसमें पुरातन छात्र-छात्राओं डेंटल कॉलेज के डॉ. विवेक गौरव, फिजिकल एजुकेशन के डॉ. नमन कुमार सारस्वत, फार्मेसी कॉलेज के डॉ. सोमकेतु त्यागी, फिजियोथैरेपी कॉलेज के डॉ. सचिन गोयल, परफॉर्मिंग आर्ट से डॉ. रक्षा सिंह डेविड, नर्सिंग कॉलेज के डॉ. जुबेर, नर्सिंग कॉलेज से डॉ. रजनी इमानवेल, लॉ कॉलेज से द्विवेदी एवं लॉ कॉलेज से दिव्या चिनदेलिया को सम्मानित किया गया।

एलुमनाई ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. सुमित गोयल ने एलुमनाई एनुअल रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिथियों ने विवि कॅरियर काउंसलिंग सेल के वार्षिक न्यूज लेटर आरोहन का अनावरण किया। प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव दूशिक सैयद जफर हुसैन, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. सोकिन्द्र कुमार, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. गीता परवंदा, डॉ. भावना ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 3 Apr 2024 Page No.- 5**

३/04/24 05

### सुभारती में सेल्फी प्वाइंट स्थापित

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि द्वारा युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता को निर्वाचक साक्षरता क्लब बनाया गया। विवि परिसर में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है।

छात्रों को इसके लिए प्रेरित किया जा रहा है कि वे अपनी सेल्फी खींचकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की प्रोफाइल पर अपलोड करेंगे। कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम.याकूब, निर्वाचक साक्षरता क्लब के मुख्य संरक्षक एवं एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. एस.सी. थलेड़ी, क्लब के नोडल ऑफिसर डॉ.नीरज ढाका, क्लब अध्यक्ष अनुष्का बादली, उपाध्यक्ष मनीषा आदि रहीं।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

**Date- 03 Apr 2024 Page No.- 5**

AU 03/04/24 05

## सुभारती में मतदाता जागरूकता के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया




सुभारती विवि परिसर में मतदाता जागरूकता के लिए बने सेल्फी प्वाइंट में मौजूद विद्यार्थी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद विवि ने युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता के लिए 'निर्वाचक साक्षरता क्लब' बनाया है। क्लब मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रोत्साहित कर रहा है। छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए विवि परिसर में सेल्फी प्वाइंट बनाया है। सेल्फी प्वाइंट पर विद्यार्थी सेल्फी लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैशटैग के साथ अपलोड कर रहे हैं।

विवि के कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम.याकूब ने कहा युवा मतदाताओं से कहा उत्साहपूर्वक मतदान अवश्य करें। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विवि ने निर्वाचक साक्षरता क्लब बनाया है, जिसके द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

क्लब के मुख्य संरक्षक प्रो. एससी थलेड़ी ने कहा विवि सभी संगठक महाविद्यालयों में निर्वाचक शपथ का अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान क्लब के नोडल ऑफिसर डॉ. नीरज ढाका, क्लब अध्यक्ष अनुष्का बादली, उपाध्यक्ष मनीषा कुमारी, डॉ. प्रीति सिंह, मधुर शर्मा, छात्र प्रतिनिधियों में डॉ. इवेन एस जॉन, देवोत्कर्ष सागर, अर्पित सिंह, अदिति त्यागी, पलक टंडन, आयुष श्रीवास्तव, प्रिंस कुमार उपाध्याय मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 04 Apr 2024 Page No.- 5**



निर्वाचक साक्षरता के कार्यक्रम में मतदान की शपथ लेते विद्यार्थी। संवाद

04/04/24 AU 05

## मतदान करना हमारा अधिकार और कर्तव्य

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के निर्वाचक साक्षरता क्लब ने सुभारती डेंटल कॉलेज, महर्षि अरविंद सुभारती कॉलेज एवं अस्पताल ऑफ नैचुरोपैथी एवं यौगिक साइंसेज और भीकाजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट में निर्वाचक शपथ दिलाई। सुभारती डेंटल कॉलेज के प्राचार्य और डीन डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को निर्वाचक शपथ दिलाई। डॉ. निखिल ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार और कर्तव्य भी है। इस दौरान डेंटल कॉलेज से निर्वाचक मतदाता क्लब के प्रतिनिधि डॉ. एबेन एस जॉन उपस्थित रहे। भीकाजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट में भी निर्वाचक मतदाता क्लब के युवाओं को शपथ दिलाई गई। निर्वाचक साक्षरता क्लब के मुख्य संरक्षक प्रो.एससी थलैडी व नोडल ऑफिसर डॉ. नीरज ढाका रहे। इस दौरान सी. विजिल एप की जानकारी दी गई। जिससे युवा निर्वाचन संबंधी अनियमितता की शिकायत दर्ज करा सकें। इस दौरान डॉ. इंद्रनील बोस, डॉ. धनंजय श्रीवास्तव, गरिमा जैन गोयल, डॉ. अंकित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। महर्षि अरविंद सुभारती कॉलेज एवं हॉस्पिटल ऑफ नैचुरोपैथी एवं यौगिक साइंसेज में सहायक प्रोफेसर नीरज नयन ऋषि ने निर्वाचक शपथ दिलाई। इस दौरान डॉ. धीरेन अजित नायर, डॉ. अभय कुमार सिंह, डॉ. ज्योति मधुर, डॉ. अभिजित केबी, डॉ. स्नेहा आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 4 Apr 2024 Page No.- 7**

04/04/24 H 07

## छात्रों को दिलाई निर्वाचक शपथ

मेरठ। सुभारती विवि के निर्वाचक साक्षरता क्लब ने सुभारती डेंटल कॉलेज, महर्षि अरविंद सुभारती कॉलेज एवं हॉस्पिटल ऑफ नैचुरोपैथी एवं योगिक सांइसेज़ और भीकाजी कामा सुभारती कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के छात्रों को निर्वाचक शपथ दिलाई गई।

प्राचार्य डॉ.निखिल श्रीवास्तव ने छात्रों को शपथ दिलाई। डॉ.एबेन एस जॉन ने अपने मत का प्रयोग करने को प्रेरित करते हुए कहा कि यह हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी। प्रो.एससी थलेड़ी और एवं डॉ.नीरज ढाका ने युवाओं को मतदान में अग्रणी भूमिका निभानी पर जोर दिया। आयुष श्रीवास्तव, डॉ.इंद्रनील बोस, डॉ.धनंजय श्रीवास्तव, गरिमा जैन गोयल, डॉ.अंकित श्रीवास्तव, यजुवेंद्र सिंह, विकास शर्मा, सौरभ त्रिपाठी, प्रो.नीरज नयन ऋषि, डॉ.धीरेन आदि रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 08 Apr 2024 Page No.- 5**

शुभकामनाएं दी। संवाद 08/04/24 AU

### सुभारती के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**मेरठ।** पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 37वें भारतीय युवा महोत्सव में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया। छात्र-छात्राओं ने 10 विधाओं में पदक हासिल किए। इसमें पोस्टर मेकिंग एवं एलोक्यूशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह गान एवं क्रांतिधरा मेरठ को सांस्कृतिक जलूस द्वारा प्रस्तुत करने पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिन्दुस्तानी, शास्त्रीय एकल गायन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, वादन, व्यंग चित्रकारी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दल प्रमुख ललित कला विभाग के सह आचार्य लक्की त्यागी एवं रंगमंच कला विभाग की सह आचार्य निशी चौहान रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 8 Apr 2024 Page No.- 7**

H 8/04/24 07

# सुभारती के छात्रों ने लहराया परचम

- 37वें अखिल भारतीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में दिखाया हुनर
- सुभारती विवि ने 12 विधाओं में से 10 में पदक हासिल किए

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्याल के छात्र-छात्राओं ने 5 दिवसीय 37वें अखिल भारतीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव हुनर में भाग लिया। इस उत्सव को पंजाब कृषि विवि, लुधियाना द्वारा आयोजित किया गया।

स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि ने 37वें अखिल भारतीय अंतर विवि स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में चैंपियन होने के बाद विश्वविद्याल के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम फहराया। उन्होंने 12 विधा में से 10 विधाओं में पदक हासिल किया। पोस्टर मेकिंग एवं एलोक्यूशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया, समूह गान एवं उत्तर प्रदेश के क्रांतिधरा मेरठ को सांस्कृतिक जलूस द्वारा प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हिन्दुस्तानी, शास्त्रीय एकल गायन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, लोक वृन्द वादन, व्यंग चित्रकारी, इंस्टोलेशन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।




सुभारती विवि के छात्रों ने युवा महोत्सव में परचम फहराया। • हिन्दुस्तान

अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभी विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता ली। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, ललित कला के संकाय प्रमुख डॉ. पिन्टू मिश्रा, कला विभागाध्यक्ष डॉ. भावना ग्रोवर, सह आचार्य लक्की त्यागी, रंग-मंच कला विभाग की सह-आचार्य निशी चौहान रहे। मेहराज खां, फरदीन खां, अक्षय शर्मा व डॉ. अर्पणा काम्बोज की इस प्रतियोगिता में सहभागिता रही।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 9 Apr 2024 Page No.- 6**

09/04/24 H -06

# महिलाओं को साथ लेकर चलना होगा : डॉ. राघवेंद्र



सोमवार को सुभारती विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में कार्यक्रम हुआ।

- सुभारती विश्वविद्यालय में वर्कशॉप का आयोजन
- डिजाइन-पेटेंट फाइलिंग विषय पर रखे विचार

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। सुभारती विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में बौद्धिक संपदा अधिकारः डिजाइन एवं पेटेंट फाइलिंग विषय पर हुई वर्कशॉप में विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई। पूर्व संयुक्त सचिव विधि एवं न्याय मंत्रालय डॉ.जीआर राघवेंद्र ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार व्यक्तियों को उनके दिमाग की रचनाओं पर दिए गए अधिकार हैं।

वे आम तौर पर रचनाकार को एक निश्चित अवधि के लिए उसकी रचना के उपयोग पर विशेष अधिकार देते हैं। वर्तमान डिजीटल युग में इसकी समुचित जानकारी जरूरी है। अगर हमें आगे बढ़ना है तो महिलाओं को भी साथ लेकर चलना होगा। ये तभी संभव है जब महिलाओं को भी उनके नवाचार के लिए आईपीआर फाइलिंग की प्रक्रिया का पता हो। कुमार राजू ने कहा कि पेटेंट एक आविष्कार के लिए एक मान्यता है जो वैश्विक नवीनता, गैर-स्पष्टता और औद्योगिक अनुप्रयोग के मानदंडों को पूरा करता है। आइपीआर बेहतर पहचान के लिए जरूरी है। प्रो.एससी थलेड़ी, प्रो.अशोक त्यागी, डॉ.प्रीति सिंह, राम प्रकाश तिवारी एवं मधुर शर्मा मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 09 Apr 2024 Page No.- 5**

09/04/24 AU 05

# बौद्धिक संपदा अधिकार के लिए किया जागरूक

## सुभारती में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर आयोजित हुई राष्ट्रीय कार्यशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में बौद्धिक संपदा अधिकार डिजाइन एवं पेटेंट फाइलिंग विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान (आरजीआईआईपीएम) नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में हाइब्रिड मोड में आयोजित कार्यशाला में 500 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला में बोलते हुए पूर्व संयुक्त सचिव विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार डॉ. जीआर राघवेंद्र ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार व्यक्तियों को उनके दिमाग की रचनाओं पर दिए गए अधिकार हैं। वह आम तौर पर रचनाकार को एक निश्चित अवधि के लिए उसकी रचना के उपयोग पर विशेष अधिकार देते हैं। डॉ. राघवेंद्र ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जो वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की महत्वाकांक्षा रखता है आज एशिया का नवाचार केंद्र बनने की दिशा में तीव्रता से अग्रसर है।



सुभारती विवि में बौद्धिक संपदा पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

कुमार राजू ने कहा कि पेटेंट एक आविष्कार के लिए एक मान्यता है, जो वैश्विक नवीनता, गैर-स्पष्टता और औद्योगिक अनुप्रयोग के मानदंडों को पूरा करता है। आइपीआर बेहतर पहचान के लिए भी जरूरी है। इस दौरान कुमार राजू ने सभी को आइपीआर की फाइलिंग और उसमें आने वाली संभावित समस्याओं के निराकरण की संपूर्ण जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. एससी थलैडी समेत प्रो. अशोक त्यागी, मधुर शर्मा मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 10 Apr 2024 Page No.- 5**

10/04/24 AV 05

# भाषण में वर्षा राज प्रथम, योगिता रहीं द्वितीय

## सुभारती विवि में हुआ भाषण और लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी



विचार रखती छात्रा।



सुभारती विवि में निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्राएं। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में मंगलवार को निर्वाचक साक्षरता क्लब के संयोजन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। 'लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लोकतंत्र के पर्व आम चुनावों में मतदाताओं की महती भूमिका पर विचार रखे।

प्रतियोगिता में विवि के दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रतिभागियों ने बाजी मारी। प्रथम स्थान पर बीएजेएमसी की छात्रा वर्षा राज रही। दूसरे स्थान पर एमबीबीएस की छात्रा योगिता रानी रहीं। बीएजेएमसी के ही छात्र नितेश कुमार तिवारी और प्रज्ज्वल पांडेय ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी कड़ी में निर्णायक मंडल ने प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए लिबरल आर्ट के छात्र श्रेय अत्री व बीएजेएमसी के आनंद को चुना। निर्णायक की भूमिका प्रो. अशोक त्यागी, डॉ मनोज कुमार त्रिपाठी व डॉ. नीरज ढाका ने निभाई। लोकतंत्र में चुनाव और निर्वाचक की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई।

सुभारती नर्सिंग कॉलेज की भावना त्यागी और पैरामेडिकल की वर्णिका को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

बीएससी नर्सिंग की आशी और बीएएलएलबी की प्रकृति को समान अंकों के साथ द्वितीय स्थान मिला। बीएससी पैरा मेडिकल के छात्र अशोक, बीएएलएलबी की छात्रा शुभांगी सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रोत्साहन के रूप में श्रुति झा; प्रज्ज्वल पांडेय और नितेश कुमार तिवारी को निर्णायकों द्वारा चुना गया।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 10 Apr 2024 Page No.- 6**

10/04/24 H 06

### लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका अहम

मेरठ। सुभारती विवि के निर्वाचक साक्षरता क्लब द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के तहत 'लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका' विषय पर लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने कहा कि प्रत्येक वोट की लोकतंत्र में अपनी उपयोगिता है। प्रतियोगिता में वर्षा राज प्रथम, योगिता रानी द्वितीय रहीं। नितेश तिवारी और प्रज्ज्वल पांडेय ने संयुक्त रूप से तृतीय रहीं।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 11 Apr 2024 Page No.- 5**

11/04/24 05 AU

# विधि संस्थान की छात्राओं का जलवा



सुभारती विधि में विजेता छात्राओं को पुरस्कार देते शिक्षक। स्रोत : स्वयं

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान की पर्यावरण समिति पर्यावरण जागरूकता से संबंधित कई प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित करती रही है।

पर्यावरण समिति की सदस्य आफरीन अल्मास ने बताया कि शारदा यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में आयोजित आनंद स्वरूप गुप्ता मेमोरियल अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में सुभारती विधि संस्थान की टीम ने सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल पुरस्कार जीतकर विवि का नाम रोशन किया है। टीम को ट्रॉफी सहित 5 पांच हजार का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

टीम में बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष की अंशिका सिंह, अंबिका तेवतिया एवं सौम्या सिंह शामिल रहे। सुभारती विधि संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो. वैभव ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस दौरान डॉ. रीना बिश्नोई, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. प्रेमचंद्र, विकास त्यागी, एना सिसौदिया, शालिनी गोयल, अजय राज सिंह आदि मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 11 Apr 2024 Page No.- 6**

11/04/24 H 05

### सुभारती के छात्रों ने जीता पुरस्कार



मेरठ। सुभारती विधि संस्थान के छात्रों ने शारदा विवि ग्रेटर नोएडा में हुई आनंद स्वरूप गुप्ता मेमोरियल अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में पांच हजार रुपये की नगद राशि जीती। आफरीन अल्मास, डीन प्रो.वैभव गोयल भारतीय, डॉ.रीना बिश्नोई, डॉ.सारिका त्यागी, डॉ.प्रेमचन्द्र, विकास त्यागी, एना सिसोदिया, शालिनी गोयल, अजय राज सिंह, सोनल जैन, आशुतोश देशवाल एवं अरशद आलम आदि ने बधाई दी है।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 16 Apr 2024 Page No.- City Page 5**

16-04-24 MY CITY

## वाद-विवाद में ऑनलाइन रखे विचार




सुभारती विश्वविद्यालय में ऑनलाइन वाद विवाद प्रतियोगिता में मौजूद प्रतिभागी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में 9वें सुभारती एवं उन्मुक्त भारत राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 13 प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों के विश्वविद्यालय की 33 टीमों के 66 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और दल-बदल राजनीति, राजनीतिक स्वतंत्रता का एक वैध मानक रहा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकर गौड़ा एवं सुभारती विधि संस्थान के संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. वैभव गोयल ने शुभकामनाएं प्रेषित की। निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग, शहीद मंगल पांडेय स्नातकोत्तर महिला कॉलेज की डॉ. ऊषा साहनी, लोकपाल, मनरेगा, मेरठ मंडल की अंशु त्यागी एवं जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, चंदौली की सदस्य नितिन ढिल्लन शामिल रही।

### 13 प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों की 33 टीमों के 66 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभाग

एना सिसोदिया ने बताया कि निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार केरल विवि की टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया है। सर्वश्रेष्ठ वक्ता का प्रथम स्थान हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ विवि की देवांशी शर्मा, द्वितीय स्थान केरल विवि की पद्मा एस, तृतीय स्थान नारसी मूंजी इंस्टीट्यूट इंदौर की अनुष्का व प्रवीण गांधी लॉ कॉलेज की सुहा शेख ने प्राप्त किया। संचालन छात्रा इफरा सिद्दीकी व पलक त्यागी ने किया।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 18 Apr 2024 Page No.- City Page 5**



AU 18/04/24 05

# स्लोगन से मतदाताओं को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के निर्वाचक साक्षरता क्लब के संयोजन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित किया।

लोकतंत्र के इस महापर्व में युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी प्रतिभागियों ने अपनी साहित्यिक रचनाशीलता को कागज पर उतारने की पूरी कोशिश की। प्रतियोगिता के प्रारंभ में प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए

### सुभारती विवि में मतदाता जागरुकता के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता हुई

क्लब के मुख्य संरक्षक प्रो. एससी थलेड़ी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विवि में मतदाता जागरूकता क्लब का गठन किया गया है।

इसके तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीटेक की छात्रा शगुन गुप्ता रही। महर्षि अरविंद सुभारती कॉलेज की छात्रा प्रीति कुमारी व सुभारती नर्सिंग कॉलेज की छात्रा आशी



सुभारती में स्लोगन प्रतियोगिता के दौरान मौजूद प्रतिभागी। संवाद

संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर महर्षि अरविंद सुभारती कॉलेज की सृष्टी व साइट कॉलेज की छात्रा रोहिणी रहीं। प्रो. अशोक त्यागी व डॉ. नीरज नयन ऋषि ने निर्णायक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम में शैली शर्मा, डॉ. अर्चना पंवार, मनीषा कुमारी, पलक टंडन, वर्षा राज, सुमन कुमार, अंजली, मोनू कुमार, नितेश, आस्था, टीना, प्रज्ज्वल, अनुष्का, भूमि, लाएबा, सुमैया मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 18 Apr 2024 Page No.- 7**

चुनाव

H 07 18/04/24



बुधवार को सुभारती विवि में मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन हुआ।

### मतदान के लिए युवाओं ने लिखे स्लोगन

मेरठ। सुभारती विवि में निर्वाचक साक्षरता क्लब के संयोजन में हुए मतदाता जागरुकता अभियान में छात्रों ने स्लोगन लेखन में हिस्सा लिया। 'मतदाता जागरुकता' थीम पर अपनी रचनात्मकता दिखाई। डॉ.एससी थलेड़ी ने युवाओं से अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित्त किया। शगुन गुप्ता प्रथम रहीं। प्रीति जायसवाल एवं आशी संयुक्त रूप से द्वितीय रहीं। प्रो.अशोक त्यागी, डॉ.नीरज नयन ऋषि निर्णायक रहे। शैली शर्मा, डॉ.अर्चना पंवार, मनीषा कुमारी रहीं।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 20 Apr 2024 Page No.- City Page 5**

jala.com/meerut

my city

मेरठ | शनिवार • 20.04.2024

अमर उजाला 05

AU 20/04/24 05

# विद्यार्थियों ने सीखी रचनात्मक फोटोग्राफी

संवाद न्यूज एजेंसी




सुभारती में रचनात्मक फोटोग्राफी कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में शुक्रवार को रचनात्मक फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्रों को डिजिटल कैमरों और उपकरणों का उपयोग कर फोटोग्राफी के गुर सिखाए गए। फोटोग्राफी ट्रेनर विरेंद्र सिंह अधिकारी ने कार्यशाला की शुरुआत कैमरों के परिचय के साथ की। विरेंद्र ने फोटोग्राफी का रचना सिद्धांत, प्रकाश तकनीक, क्षेत्र की गहराई का उपयोग और फ्रेमिंग आदि विषयों पर प्रकाश डाला। तकनीकी विशेषज्ञ जितेंद्र कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी में रचनात्मकता के साथ-साथ तकनीक के समावेश से और ज्यादा निखार आता है। आज हमारे पास अत्याधुनिक कैमरे हैं जिसमें कई प्रकार की सेटिंग्स होने से हर व्यक्ति फोटोग्राफी कर सकता है, परंतु एक अच्छी फोटो वही खींच सकता है जिसके पास तकनीक के साथ-साथ फोटोग्राफिक सेंस (फोटो को समझने व समझाने) का नजरिया होगा। संचालन मनीषा कुमारी व गरिमा पांडे ने किया।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 20 Apr 2024 Page No.- 4**

20/04/24 04 H

### छात्र-छात्राओं ने सीखे फोटोग्राफी के गुर



मेरठ। सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में हुई क्रिएटिव फोटोग्राफी वर्कशॉप में छात्रों ने फोटोग्राफी के गुर सीखे। कैनन इंडिया के सहयोग से हुई वर्कशॉप का उद्देश्य व्यावहारिक अनुभव, अंतर्दृष्टि और तकनीक की जानकारी देना था। फोटोग्राफी ट्रेनर वीरेंद्र सिंह अधिकारी ने कैमरे की विशेषता, क्षमता और उन्नत प्रौद्योगिकियों को समझाया। जितेंद्र कुमार, प्रो .अशोक त्यागी, राम प्रकाश तिवारी, डॉ .प्रीति सिंह, मधुर शर्मा, शैली शर्मा, लक्की त्यागी रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 25 Apr 2024 Page No.- City Page 5**

25-04-24

# सुभारती को मिला देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सीएसआर ग्रुप द्वारा देश के शीर्ष विश्वविद्यालय के सम्मान से सम्मानित किया गया।

सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज के डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय को सीएसआर ग्रुप के चेयरमैन एसके सचदेवा ने देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान प्रदान किया। समारोह को संबोधित करते हुए सुभारती लॉ कॉलेज के डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने सीएसआर ग्रुप को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा युवाओं के उत्थान के लिए प्रदान कर रहा है



सुभारती को मिला देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का अवार्ड। स्रोत : स्वयं

और शिक्षा, चिकित्सा एवं अनुसंधान के साथ भारतीय संस्कारों को प्रोत्साहित कर रहा है। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान मिलने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि सुभारती शिक्षा में गुणवत्ता व कौशल विकास पर अधिक बल देता है।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 25 Apr 2024 Page No.- 4**

Hindustan - 25-4-24

### सुभारती विवि को मिला देशभर में सम्मान



मेरठ। सुभारती विवि को सीएसआर ग्रुप ने देश के शीर्ष विवि के सम्मान से नवाजा है। सुभारती लॉ कॉलेज के डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय को सीएसआर ग्रुप के चेयरमैन एसके सचदेवा ने उक्त सम्मान प्रदान किया। डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय ने कहा कि सुभारती विवि युवाओं को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर रहा है। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल ने विवि को उक्त सम्मान मिलने पर शुभकामनाएं दी। क्मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने कहा कि यह सम्मान विवि के लिए गौरव की बात है।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 26 Apr 2024 Page No.- 12**

26/04/24 AV H 12

# सुभारती विवि को देशभर में सम्मान

मेरठ। सुभारती विवि को सीएसआर ग्रुप ने देश के शीर्ष विवि के सम्मान से नवाजा है। सुभारती लॉ कॉलेज के डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय को सीएसआर ग्रुप के चेयरमैन एसके सचदेवा ने उक्त सम्मान प्रदान किया।

डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने कहा कि सुभारती विवि युवाओं को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर रहा है। विवि शिक्षा, चिकित्सा एवं अनुसंधान के साथ भारतीय संस्कारों को प्रोत्साहित कर रहा है। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने विवि को उक्त सम्मान मिलने पर शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि विवि शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से देशहित में कार्य कर रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि यह सम्मान विवि के लिए गौरव की बात है। सुभारती विवि शिक्षा के हर क्षेत्र में देश हित के उद्दश्यों से काम कर रहा है। प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम याकूब, पीपीडी निदेशक आकाश भटनागर मौजूद रहे।



सुभारती विवि को सीएसआर ग्रुप ने देश के शीर्ष विवि के सम्मान से नवाजा है।

26/04/24 AV H 12

# सुभारती विवि में हुई पुस्तक पर चर्चा

**आयोजन**

मेरठ। सुभारती विवि के 'लीडरशिप फॉर द ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी' विषय हुई पुस्तक चर्चा में टाटा मोटर्स के पूर्व उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रविकांत ने विद्यार्थियों से बात की।




रविकांत ने वास्तविक जीवन के उदाहरणों से नेतृत्व कौशल विकसित करने और सकारात्मक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनने को प्रेरित करते हुए तेजी से बदलती दुनिया में एडेप्टिव और समावेशी नेतृत्व के महत्व को समझाया। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज एवं डॉ.श्रवण गर्ग ने युवाओं को सकारात्मक सोचने को प्रोत्साहित किया। विवि ट्रस्टी एवं लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ.रोहित रविंद्र ने आभार व्यक्त किया। प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा, कार्यकारी अधिकारी डॉ.कृष्णमूर्ति, डॉ.आरके घई, डॉ.सारिका अभय, डॉ. सुरेश, डॉ.अंजलि, आरती, डॉ.पिंटू मिश्रा सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 26 Apr 2024 Page No.- 5**

26/04/24 05 AU

# लीडरशिप फॉर द ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी विषय पर हुई पुस्तक चर्चा




सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को लीडरशिप फॉर द ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी विषय पर पुस्तक चर्चा हुई। इसमें प्रसिद्ध वैश्विक कॉरपोरेट लीडर और सामाजिक उद्यमी टाटा मोटर्स के पूर्व उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रविकांत द्वारा प्रेरणात्मक सत्र आयोजित किया गया।

विवि कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज और डॉ. श्रवण कुमार गर्ग ने मेहमानों का स्वागत किया। रविकांत ने अपने वक्तव्य में 'आज तेजी से बदलती दुनिया में एडेप्टिव और समावेशी नेतृत्व के महत्व' पर प्रकाश डाला।

आयोजन में छात्र, शिक्षक और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। विश्वविद्यालय के उद्यमिता विकास के सदस्य डॉ. सारिका अभय द्वारा किया गया।

डॉ. अभय शंकरगौड़ा और फाइन आर्ट्स के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा सहित अन्य डीन का योगदान अभूतपूर्व रहा। डॉ. विधि खंडेलवाल ने मंच प्रबंधन को बखूबी निभाया और डॉ. अर्चिता भटनागर ने आयोजन के मास्टर ऑफ सेरेमनी की भूमिका निभाई।